हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 सितंबर 2026

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

08 राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर के विरोध ...



09 आचार्य शिरोमणि सम्मान से आराधना ...





खबर संक्षेप

जिले में अब तक 906.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

बलौदाबाजार। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 31 अगस्त 2026 तक 906.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1132 मिमी, बलौदाबाजार में 1037 मिमी, पलारी में 968.9 मिमी, लवन में 890.7 मिमी, सुहेला 854.1 मिमी, सिमगा में 830.8 मिमी, कसडोल 842.3 मिमी, भाटापारा में 837.8 मिमी एवं सोनाखान 748.2मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 8157.3 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 898.7 मिमी है।

9 साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस द्वारा 09 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार



किया गया ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 28.अगस्त की शाम आरोपी बबलू देवार द्वारा 09 वर्षीय नाबालिग बालिका को चिप्स खिलाने का लालच देकर बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले जाया गया तथा उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के पश्चात आरोपी बालिका को छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर थाना भाटापारा ग्रामीण में , धारा 137(2), 65(2), 115(2) बीएनएस तथा धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया पुलिस द्वारा तत्काल आरोपी की पतासाजी प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर तलाश करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया।पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है तथा उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

जमीन बंटवारे को लेकर विवाद, महिला के घर पत्थरबाजी



महासमुंद। ग्राम घाटकछार में कोटवारी जमीन के बंटवारे विवाद में की गई पत्थरबाजी की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रमिला बेताल निवासी ग्राम घाटकछार ने बताया कि 27 अगस्त की शाम 7 बजे कोटवारी जमीन के बंटवारे की बात को लेकर आरोपी अशोक बेताल एवं अरूण बेताल ने एक राय होकर घर के पास आकर दरवाजा को धक्का देकर गाली गलौज करने लगे। इसके बाद आरोपी द्वारा अपने घर से ईंट पत्थर से फेंककर मारने लगे, जिससे उसके छोटे बेटे प्रमोद बेताल के बाएं हाथ की कोहनी, घुटने के पास एवं पेट में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115, 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

फर्जी ट्रांसफर केस में जेल में बंद कृष्णा अवस्थी पर नौकरी के नाम पर 2 लाख की ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में जेल में बंद और भाजपा से छह साल के लिए निष्कासित पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब उनके खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख रुपए की कथित ठगी का एक और मामला सामने आया है। कसडोल निवासी हेमंत साहू को छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर स्थायी नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम लेने और रायपुर स्थित बीज भवन के लेटरहेड पर कथित फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करने का आरोप लगाया गया है। मामले में हेमंत साहू के मित्र मेघनाथ बंजारे ने 27 अगस्त को बलौदाबाजार एसपी कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, नियुक्ति पत्र में निगम के लेटरहेड और अधिकारी के हस्ताक्षर के कथित दुरुपयोग को लेकर निगम के महाप्रबंधक विनोद कुमार वर्मा ने रायपुर के तेलीबांध थाने में अलग से लिखित शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार कृष्णा अवस्थी ने हेमंत साहू को कसडोल में बीज एवं कृषि विकास निगम के कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर की स्थायी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। इसके एवज में कथित रूप से 2 लाख रुपए लिए गए। इसके बाद रायपुर स्थित बीज भवन के लेटरहेड पर एक नियुक्ति पत्र दिया गया, ⏭ शेष पेज 09 पर

हरिभूमि लगातार

जिस शहर में कार्यालय ही नहीं, वहां की नौकरी का दिया नियुक्ति पत्र

महाप्रबंधक ने बताया पूरी तरह अवैध

मामले की जानकारी निगम के अधिकारियों को दिए जाने पर महाप्रबंधक विनोद कुमार वर्मा ने कथित नियुक्ति पत्र को अवैध बताया। उनके अनुसार कसडोल में निगम की कोई इकाई नहीं है और पिछले दो वर्षों से निगम में किसी प्रकार का भर्ती अभियान भी नहीं चलाया गया है। उन्होंने नियुक्ति पत्र पर किए गए अपने हस्ताक्षर को भी फर्जी बताया। महाप्रबंधक ने आशंका जताई कि किसी पुराने आदेश को स्कैन कर कॉपी-पेस्ट के जरिए नया दस्तावेज तैयार किया गया तथा उसमें फॉन्ट और लेआउट में बदलाव किया गया। विभागीय लेटरहेड और अधिकारी के हस्ताक्षर के कथित दुरुपयोग को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तेलीबांध थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



प्रणव के खाते में लेनदेन की भी चर्चा

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि रकम का अधिकांश डिजिटल लेनदेन कृष्णा अवस्थी के पुत्र प्रणव अवस्थी के बैंक खाते में किया गया। प्रणव भी फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में जेल में बंद है। ऐसे में उसके बैंक खाते की जांच होने पर नौकरी लगाने के नाम पर अन्य लोगों से कथित लेनदेन का पता चलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से अभी कोई आधिकारिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

जांच का विषय

अब पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच करेगी। जांच में कथित 2 लाख रुपए के लेनदेन के अलावा बैंक खातों, डिजिटल भुगतान, कॉल डिटेल और नियुक्ति पत्र तैयार करने में इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों की पड़ताल की जा सकती है। साथ ही यह भी जांच का विषय होगा कि क्या इसी तरह अन्य बेरोजगारों को भी सरकारी नौकरी का झांसा देकर रकम ली गई है।

निरीक्षण : स्टेशन परिसर, यात्री सुविधाओं और पुनर्विकास कार्यों का लिया जायजा

डीआरएम का तिल्दा-नेवरा स्टेशन का निरीक्षण, धीमी गति व गंदगी पर भड़के

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

रेलवे के डीआरएम दयानंद ने सोमवार को तिल्दा-नेवरा पहुंचकर रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण किया। वे सुबह करीब 10 बजे स्पेशल सैलून से प्रोजेक्ट मैनेजर गति शक्ति यूनिट सीएसयू विकास कार्य बिलासपुर, सीनियर डीसीएम सहित रेलवे के अन्य अधिकारियों की टीम के साथ तिल्दा पहुंचे। डीआरएम अपनी टीम के साथ तिल्दा नेवरा पहुंचकर सबसे पहले रेलवे परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने स्टेशन में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत निर्माणाधीन तिल्दा रेलवे स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर डीआरएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अमृत भारत योजना के तहत चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य में तिल्दा स्टेशन अन्य स्थानों पर चल रहे कार्यों की तुलना में पीछे चल रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य में सामने आई कमियों को जल्द दूर करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



रेलवे फाटक 20 मिनट से ज्यादा बंद नहीं रहेगा

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने डीआरएम से तिल्दा बस्ती रेलवे फाटक को लेकर शिकायत की। लोगों ने बताया कि फाटक आधे घंटे से भी अधिक समय तक बंद रहता है, जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। गर्मी में तेज धूप और बारिश के दिनों में राहगीरों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों की शिकायत पर डीआरएम ने कहा कि अब रेलवे फाटक 20 मिनट से ज्यादा बंद ⏭ शेष पेज 09 पर

विद्युत सब स्टेशन को स्थानांतरित करने के निर्देश

डीआरएम ने स्टेशन के बाहर बने विद्युत सब स्टेशन का भी जायजा लिया। उन्होंने इसे उचित स्थान पर स्थानांतरित कर स्थापित करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। करीब एक घंटे तक डीआरएम अपनी टीम के साथ स्टेशन परिसर में घूम-घूमकर विभिन्न व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहे।

गंदगी और जर्जर सड़क देखकर जताई नाराजगी

स्टेशन के बाहर निकलने पर डीआरएम ने परिसर में फैली गंदगी तथा प्रवेश मार्ग की जर्जर स्थिति और बरसाती पानी से भरी सड़क को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल ऑटो हटाने के निर्देश दिए। साथ ही बजरंगबली मंदिर में प्रतिमा को विधि-विधान से अन्य स्थान पर स्थापित किए जाने के बाद भी पुराने ढांचे के खड़े रहने पर सवाल उठाया। उन्होंने अधिकारियों को इस ढांचे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीआरएम कार से सासाहोली रेलवे फाटक के ऊपर बने आरओबी का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां भी उन्होंने निर्माण से संबंधित कमियों का जायजा लिया और अधिकारियों को उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। बताया गया कि करीब दो माह पहले रेलवे और ब्रिज का निरीक्षण करने के लिए एक टीम भेजी गई थी। टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर डीआरएम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।

भाटापारा में स्टॉपेज की मांग को लेकर डीआरएम को ज्ञापन सौंपा



भाटापारा। भाटापारा रेलवे स्टेशन मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा एवं बलौदाबाजार सहित आसपास के अनेक गांवों, ब्लॉक एवं तहसीलों के यात्रियों के लिए प्रमुख रेल केंद्र है। इसके बावजूद यहां कई मूलभूत सुविधाओं एवं यात्री सेवाओं की कमी बनी हुई है। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों अमरजीत सिंह सलूजा ने डीआरएम दयानंद के समक्ष प्रमुख समस्याएं एवं मांगें रखते हुए कहा की स्टेशन के सामने की सड़क की हालत बेहद खराब है। सड़क जगह-जगह उखड़ गई है, बड़े-बड़े गड्ढे हैं और छड़ें बाहर निकल रही हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसका तत्काल गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराया जाए। अमृत भारत योजना का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। लगभग दो माह बंद रहने के बाद कार्य शुरू हुआ है, इसे तेज गति से निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए। कोकणी-अंबुजा फाटक लंबे समय तक बंद रहने से आवागमन बाधित होता है। फाटक के दोनों ओर हुए बड़े गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। नवनिर्मित अंडरब्रिज में बारिश का ⏭ शेष पेज 09 पर

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा में रहने वाली एक युवती के घर में जबरन घुसकर अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी होमेश गिरी गोस्वामी उर्फ होमू (25 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 8, शिक्षक कॉलोनी, तिल्दा-नेवरा, कथित रूप से युवती के घर में जबरन प्रवेश कर उसके साथ आपत्तिजनक हरकत करने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी दी और वहां से निकल गया। घटना के बाद प्रार्थिया ने तिल्दा-नेवरा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 370/2026 दर्ज करते हुए धारा 331(3), 296, 74, 115(2) और 351(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी होमेश गिरी गोस्वामी उर्फ होमू को गिरफ्तार कर लिया।

चौरेंगा आंगनबाड़ी केंद्र बदहाल, टूटे सेप्टिक टैंक से हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

हिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा के दामाखेड़ा सेक्टर अंतर्गत ग्राम चौरेंगा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के बदहाली एवं विभाग की लापरवाही के चलते नौनिहालों की जान खतरें में है । जब इस प्रतिनिधि ने मौके पर जाकर देखा तो आंगनबाड़ी के सेप्टिक टैंक का छत जर्जर होकर टूट चुका हैं। जो काफी दिनों से ऐसे ही पड़ा हुआ है। जिसे बनाने के बजाय उस टूटे हुए स्थान पर पेड़ का सुखा डंगाल रख दिया गया है। यह अपने आप में ही गंभीर विषय है कि नौनिहाल खेलते खेलते सेप्टिक टैंक के पास चले गए और उसमें गिर गए तो बड़ी दुर्घटना घट सकती है। आंगनबाड़ी केंद्र के समीप





हैंडपंप स्थित है वह भी काफी दिनों से बिगड़ा हुआ है। केंद्र में बच्चों के पेयजल की व्यवस्था की हालत भी गंभीर है। दिखावे के लिए विभाग द्वारा पानी की टंकी व आरो तो ⏭ शेष पेज 09 पर

पत्रकार सम्मान समारोह पर पोस्ट का मामला पहुंचा कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार प्रेस क्लब के स्थापना दिवस एवं पत्रकार सम्मान समारोह को लेकर सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने का मामला अब न्यायालय पहुंच गया है। पुलिस स्तर पर शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए प्रेस क्लब ने बैठक में प्रस्ताव पारित कर न्यायालयीन कार्रवाई का निर्णय लिया है। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव के माध्यम से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बलौदाबाजार के





न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर ऋषि शुक्ला पिता सिद्धनाथ शुक्ला के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। प्रेस क्लब की ओर से प्रस्तुत याचिका में बताया गया है कि 24 जून 2026 को क्लब के पंजीयन का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर स्थापना दिवस ⏭ शेष पेज 09 पर

जिले से चोरी हुई वर्ना कार पंजाब से बरामद अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर से लग्जरी वर्ना कार चोरी के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पंजाब के मोगा से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 6.50 लाख रुपए कीमत की चोरी की गई वर्ना कार बरामद की गई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल दो हथौड़े और एक लोहे की रॉड भी जब्त की है। आरोपियों को पंजाब से ट्रांजिट रिमांड पर बलौदाबाजार लाया गया है। पुलिस के अनुसार, 22 और 23 अगस्त की दरमियानी रात लवन रोड स्थित एक दुकान के बाहर खड़ी /"वर्ना कार/" क्रमांक सीजी 09 जेएल 2169 चोरी हो गई थी। घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी कृषि यंत्र रिपेयरिंग दुकान में काम करने के बहाने कार मालिक की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और मौका मिलते ही उन्होंने वारदात को अंजाम दिया।

इसके बाद सिटी कोतवाली और साइबर सेल की विशेष टीम तत्काल पंजाब रवाना हुई। मोगा पुलिस के सहयोग से स्थानीय मंडी क्षेत्र में घेराबंदी की गई। आरोपी जब चोरी की वर्ना कार का ग्राहक तलाशने जीरा रोड नई मंडी के पास पहुंचे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।





सांकल तोड़कर मिनटों में चुराई कार

आरोपियों ने दुकान के बाहर खड़ी कार के पहियों और बॉडी में लगी लोहे की सांकल को भारी रॉड व हथौड़े से तोड़ा। इसके बाद कार का ताला तोड़कर इग्निशन से छेड़छाड़ की और कार को स्टार्ट कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक आरोपी बिलासपुर, प्रयागराज और दिल्ली के रास्ते पंजाब पहुंचे। पुलिस से बचने के लिए रास्ते में उन्होंने अपने मोबाइल फोन तक बेच दिए थे। घटना के बाद पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। संदिग्धों के फुटेज मिलने के बाद साइबर सेल की तकनीकी टीम ने डिजिटल फॉरेंसिक और तकनीकी डाटा के आधार पर संदिग्ध मोबाइल नंबरों का विश्लेषण शुरू किया। लगातार बदलती लोकेशन को ट्रेस करते हुए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। उनकी लोकेशन छत्तीसगढ़ से करीब 1500 किलोमीटर दूर पंजाब के मोगा शहर में मिली।

तीनों आरोपी पंजाब के निवासी

गिरफ्तार आरोपियों में गोविंदा पिता रंजीत सिंह (33), निवासी लंडेके, थाना मोगा सिटी, रमन कुमार पिता मंगलदास (42), निवासी ग्राम जलालाबाद पूर्वी, थाना धर्मकोट तथा सुखप्रीत सिंह पिता दिलदार सिंह, निवासी लंडेके, थाना मोगा सिटी, जिला मोगा (पंजाब) शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 303(2), 3(5) के तहत कार्रवाई की गई है। उन्हें पंजाब न्यायालय में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर बलौदाबाजार लाया गया है। अब आरोपियों को स्थानीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की तकनीकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीएम साय ने सॉफ्टटेनिस खिलाड़ी को किया सम्मानित

सारंगढ़-बिलाईगढ़ की बेटी रीमा राय शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जिले के लिए गर्व का क्षण है कि नगर पंचायत बरमकेला की होनहार बेटी व सॉफ्टटेनिस खिलाड़ी रीमा राय को राज्य के सर्वोच्च खेल सम्मान राज्य खेल अलंकरण (शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार 2025-26) से सम्मानित किया गया है। वह रामप्रसाद राय की बेटी हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर 29 अगस्त को राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग



द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह 2026 का सम्मान मिला है। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उप मुख्यमंत्री तथा खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद द्वय बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल ने मंच से रीमा राय को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।

खिलाड़ी रीमा ने सॉफ्ट टेनिस में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का नाम रोशन हुआ है। पिछले 10 वर्षों से सॉफ्ट टेनिस खेल रही है। साथ ही राष्ट्रीय पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। रीमा की सफलता ⏭ शेष पेज 09 पर

खबर संक्षेप

घोषणा के बाद भी नहीं मिला हड़ताल अवधि का वेतन

रायपुर। सार्वजनिक मंच से हुई घोषणा के दो महीने बीतने के बाद भी एनएचएम कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का वेतन नहीं मिल पाया है। इसे लेकर कर्मचारियों में एक बार फिर नाराजगी और मायूसी का माहौल है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 33 दिन की हड़ताल पर थे। कर्मचारियों का कहना है कि इसके साथ ही वेतन वृद्धि, स्थानांतरण नीति सहित अन्य लंबित मांगों पर भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में भाराजगी बढ़ती जा रही है। त्योहार के अवसर पर जहां बाजारों में रौनक रही, वहीं वेतन के अभाव में कई एनएचएम कर्मचारी रक्षाबंधन नही मनाए पाएं कर्मचारियों का कहना है कि लगातार वेतन संकट के कारण परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की स्कूल फीस और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना चुनौती बन गया है।

धनेंद्र आदिवासी खेल संघ के प्रदेशाध्यक्ष



रायपुर। अखिल भारतीय आदिवासी खेल संघ ने छत्तीसगढ़ में संगठन के विस्तार तथा खेल गतिविधियों को सुदृढ़ व सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से धनेन्द्र राय त्रिपाठी को राज्य का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिल भारतीय आदिवासी खेल संघ का अधिवेशन नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन आफ इंडिया भवन में हुआ। जिसके बाद ये नियुक्तियां की गई हैं। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का मुख्य लक्ष्य राज्य के आदिवासी समाज के युवाओं और खिलाड़ियों को मुख्यधारा के खेलों से जोड़ना तथा उनकी प्रतिभा को तराशकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना है। धनेंद्र ने कहा कि संघ अपने मूल मंत्र खेलेंगे आदिवासी, जीतेंगे भारत के तहत देश भर में जनजातीय खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अन्य राज्यों में भी कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

तीजड़ी पर्व पर राम पंचायत का मेहंदी कार्यक्रम



रायपुर। तीजड़ी पर्व पर पूज्य सिंधी पंचायत राजेंद्र नगर, अमलीडीह एवं महावीर नगर द्वारा सिंधी समाज की महिलाओं के लिए विशेष मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन 56 फीट ऊंची साईं झूलेलाल की प्रतिमा के मंदिर प्रांगण में उत्साह एवं उमंग के साथ हुआ। पंचायत के मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा प्रदेश की सभी पंचायतों को तीजड़ी पर्व के अवसर पर महिलाओं के लिए मेहंदी कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। कार्यक्रम में 253 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मेहंदी लगवाई, वहीं 20 महिलाओं ने मेहंदी लगाने की सेवा प्रदान करते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन की सफलता पर पूज्य सिंधी पंचायत राम ने सभी सहयोगियों एवं सहभागी महिलाओं का आभार जताया।

यूसीसी पर सुझाव देने मुस्लिम समाज की आज बैठक

रायपुर। प्रदेश में राज्य शासन ने भी यूसीसी समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति को रायपुर मुस्लिम समाज की ओर से सुझाव देने के लिए 1 सितंबर मंगलवार को महंत घासीदास ऑडिटोरियम, कार्यालय छग राज्य वक्फ बोर्ड के सामने, कलेक्ट्रेट चौक रायपुर में एक दिवसीय बैठक रखी गई है। इस हेतु रायपुर की समस्त मस्जिदों में जुमे को ऐलान के माध्यम से सूचित किया गया है और यूसीसी के संबंध में सुझाव लिखित में अध्यक्ष, समान नागरिक संहिता समिति, छत्तीसगढ़ के नाम से देने कहा गया है।

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के आयोजन में शामिल हुए नपा अध्यक्ष अश्वनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्राम खोखली में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, खोखली-टिकुलिया चक द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से सम्मिलित हुए। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न और गौरवपूर्ण हिस्सा है। उनकी जीवनशैली, परंपराएं और प्रकृति के साथ उनका सामंजस्यपूर्ण संबंध हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है।

आदिवासी समाज भारत की सांस्कृतिक विरासत का गौरव



आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समाज के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही सुशासन और समावेशी विकास की वास्तविक भावना है। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा, "विश्व आदिवासी दिवस केवल एक उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करने का दिन है। आदिवासी समाज ने अपनी मेहनत, साहस, त्याग और संघर्ष से देश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज की सबसे बड़ी विशेषताओं में प्रकृति के प्रति सम्मान, सामाजिक एकजुटता और अपनी परंपराओं के प्रति गहरी निष्ठा शामिल है। आज आवश्यकता है कि आधुनिक विकास के साथ-साथ उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं का भी संरक्षण किया जाए।

बोले- निष्पक्ष जांच और सभी तथ्य स्पष्ट होने तक नहीं उठेंगे

लंबित मामलों में कार्रवाई न होने से नाराज इंद्र साव पीड़ितों संग थाने में धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

लंबित मामलों में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए भाटापारा विधायक इंद्र साव ने सोमवार को पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। विधायक दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों के साथ भाटापारा ग्रामीण थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। विधायक ने स्पष्ट किया कि जब तक चारों मामलों में निष्पक्ष जांच नहीं होती और सभी तथ्य सामने नहीं आते, तब तक वे थाने से नहीं उठेंगे। विधायक के साथ पहुंचे ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों ने भी पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए लंबित मामलों में जल्द कार्रवाई की मांग की। विधायक का आरोप है कि कई मामलों में चार से छह महीने या उससे अधिक समय बीत जाने के बावजूद जांच पूरी नहीं हुई है और पीड़ित परिवारों को बार-बार आवेदन देने के लिए कहा जा रहा है। धरने के दौरान सड़क हादसे में हुई मौत और संदिग्ध परिस्थितियों में मौत सहित चार मामलों को प्रमुखता से उठाया गया। एक मामले में सड़क दुर्घटना में पति की मौत के बाद निष्पक्ष जांच और वर्तमान जांच अधिकारी को बदलने की मांग की गई है। वहीं रूपेश साहू की संदिग्ध मृत्यु के मामले में परिजनों ने मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने की मांग की है। आवेदन के अनुसार रूपेश साहू 14 मार्च 2026 से लापता था और 17 मार्च को उसका शव बरामद हुआ था।



पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

धरने के दौरान विधायक इंद्र साव ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस जांच के नाम पर समय काट रही है और कुछ मामलों में मुख्य आरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि परिजनों के दबाव बनाने के बाद पुलिस नए आवेदन मांगती है, जिससे जांच प्रक्रिया महीनों तक लंबित हो जाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है तो चार से छह महीने बाद भी मामलों के तथ्य स्पष्ट क्यों नहीं हुए। विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस राजनीतिक दबाव में भी काम कर रही है। उन्होंने भाटापारा के एक भाजपा नेता के दबाव का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके कारण मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई प्रभावित हो रही है।

सड़क हादसे की कार्रवाई पर भी सवाल

विधायक ने एक सड़क हादसे के मामले का हवाला देते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाया। उनका आरोप है कि मामले में एक ऑटो चालक, जो कथित तौर पर प्रभावशाली पक्ष के गांव से संबंधित है, उसे छोड़ दिया गया, जबकि मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ कार्रवाई की गई। विधायक ने दोनों पक्षों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की। विधायक इंद्र साव ने कहा कि उनका धरना किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए है। उन्होंने कहा कि पुलिस को कानून और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए, न कि किसी राजनीतिक दबाव में। विधायक ने दो टूक कहा कि जब तक चारों मामलों में सभी तथ्य स्पष्ट नहीं होते और निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होती, तब तक हम थाने में बैठे रहेंगे। विधायक के धरने के बाद थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी बढ़ गई। पुलिस अधिकारियों ने मामलों की जांच और कार्रवाई को लेकर अपना पक्ष रखा, लेकिन विधायक तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। देर शाम तक विधायक ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों के साथ थाना परिसर में डटे हुए हैं।

घर-घर जाकर बच्चों का भविष्य संवार रहे कोयदा स्कूल के व्याख्याता

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

शिक्षा के साथ संवेदना और संस्कार की मिसाल पेश करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयदा के वरिष्ठ व्याख्याता श्री रामावतार वर्मा पिछले 17 वर्षों से क्षेत्र के बच्चों का जीवन बदल रहे हैं। वर्ष 2009 से विद्यालय में गणित विषय पढ़ा रहे श्री वर्मा कक्षा में उत्कृष्ट शिक्षण के साथ-साथ /"घर-घर संपर्क अभियान/" के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों से सीधा जुड़ाव रखते हैं। शिक्षा से आगे, परिवार तक पहुंच - वर्मा का मानना है कि जब तक शिक्षक बच्चे के घर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक उसकी असली समस्या नहीं समझी जा सकती। इसी सोच के साथ वे रोजाना स्कूल के बाद पढ़ाई में कमजोर, अनियमित और प्रतिभावान सभी विद्यार्थियों के घर जाते हैं। आर्थिक, पारिवारिक और स्वास्थ्य संबंधी बाधाओं को समझकर वे अभिभावकों के साथ मिलकर समाधान निकालते हैं। उनके इसी समर्पण का परिणाम है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगातार जिले और प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान पर रहता है।



पढ़ाई के साथ संस्कार

वे बच्चों को केवल अंकों तक सीमित नहीं रखते। 15 अगस्त, 26 जनवरी, शहीद दिवस, कारगिल दिवस, युवा उत्सव के साथ-साथ अखंड नवधा रामायण, नागपंचमी जैसे सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित कर उनमें राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना भरते हैं। गांव के हर सुख-दुख में वे परिवार के सदस्य की तरह शामिल होते हैं। संवेदनशीलता की ताजा मिसाल आज अपने नियमित भ्रमण के दौरान श्री वर्मा को दो हृदयविदारक स्थितियों का सामना करना पड़ा। विद्यालय की कक्षा 9 की मेधावी छात्रा कुमारी सरिता घर में रसोई के दौरान सर्पदंश का शिकार हो गई थी। वहीं दूसरे घर में कक्षा 9 का एक छात्र सड़क दुर्घटना में पैर फ्रैक्चर के कारण बिस्तर पर था।बच्चों की हालत देखकर वर्मा भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल परिजनों को ढांढस बंधाया, समुचित उपचार की जानकारी दी, शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने में मदद का आश्वासन दिया और विद्यालय परिवार की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस पर रामप्रसाद वर्मा ने कहा की एक शिक्षक के लिए उसका हर छात्र अपने परिवार के समान है। उनकी पीड़ा मेरी पीड़ा है। विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ, अभिभावकों और ग्रामवासियों सरपंच रजनी दिनकर, उपसरपंच दिनेश केवट, अरुण कुमार साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष संतोष पटेल, ने श्री वर्मा के इस निस्वार्थ समर्पण और मानवीय संवेदना की सराहना की है।

व्याख्याता मदनलाल तोमर शिरोमणि सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शकुंतला फाउंडेशन रायपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में पदस्थ व्याख्याता मदनलाल तोमर को आचार्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी एम जी सतीश कुमार, पूर्व सचिव शिक्षा आयोग एन के अग्रवाल, सतीश अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर, अमर गुरनानी वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण मेडिकल संचालक स्मिता सिंह संस्थापक एवं अध्यक्ष, शुंभा निशा शुक्ला वरिष्ठ समाजसेवी कवयित्री, कविता कुम्भज फाउंडर सीईओ पारस इंस्टीट्यूट, स्मिता सिंह अध्यक्ष शकुंतला फाउंडेशन रायपुर की गरिमामयी उपस्थिति में रायपुर के वृंदावन हाल में प्रदेश भर के 151 उत्कृष्ट शिक्षकों एवं समाजसेवी, उत्कृष्ट विद्यालयों को सम्मानित किया गया। विकासखण्ड बिलाईगढ़ के जगेश्वर प्रसाद गहीर शिक्षक शास.पूर्व माध्यमिक शाला डीपापारा सलिहा, कृष्ण कुमार नेताम शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा अ, महेत्तर लाल देवांगन शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह, हेमंत कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला मड़कड़ी को भी आचार्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया।

कर्मचारी भवन तिल्दा में पेंशनरों के लिए पुस्तकालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

कर्मचारी भवन तिल्दा में पेंशनरों के लिए पुस्तकालय शुरू करने की पिछले माह की गई घोषणा सोमवार को साकार हो गई। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं संस्कृत के विद्वान डॉ. उमाशंकर तिवारी ने 475 पुस्तकों और 5,100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर पुस्तकालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम समाजसेवी हीरानंद हरिरामानी एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा नेवरा के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के महासचिव अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि पुस्तकालय में धार्मिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक पुस्तकों के साथ रामायण, महाभारत, श्रीमद्भगवद्गीता सहित अनेक प्रसिद्ध लेखकों, उपन्यासकारों और रचनाकारों की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का उद्देश्य पेंशनर साथियों को अध्ययन और ज्ञानवर्धन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।

मुख्य अतिथि हीरानंद हरिरामानी ने कहा कि कर्मचारी भवन में प्रबुद्ध पेंशनरों के लिए शुरू किया गया यह पुस्तकालय अत्यंत उपयोगी साबित होगा। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से आयोजन के लिए सभी को साधुवाद दिया। वहीं एसबीआई शाखा नेवरा के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि तिल्दा क्षेत्र के पेंशनर साथियों की पेंशन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वे हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डॉ. उमाशंकर तिवारी ने पुस्तकालय के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं। संघ के तहसील अध्यक्ष रामावतार पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।



पेंशनर साथियों का मनाया गया जन्मदिन

अगस्त माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों का जन्मदिन समारोह भी आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें गुलाल लगाकर, मुंह मीठा कराकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में रघुनंदन लाल वर्मा, रामावतार पाण्डेय, उमाशंकर तिवारी, सुरेश कुमार शर्मा, शिवकुमार भारद्वाज, नरेंद्र कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा एवं बलीराम यादव सहित अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम में हरखराम वर्मा, घनश्याम प्रसाद वर्मा, सेवादास वैष्णव, मालिक राम साहू, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, तुलसी राम वर्मा, रामचंद्र वर्मा, खोडसराम वर्मा, देवनाथ वर्मा, जवाहरलाल सिरमौर, अनुरुद्ध कुमार वर्मा, एस.एन. गुप्ता, मो. सलीम खान, लेखराम कुंभकार, रूपनारायण वर्मा, संध्या झा, कौशल वर्मा एवं झांसी वर्मा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में स्वर्गीय गोपाल वर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी, जिसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

80 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठों व उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का सम्मान



खरोरा। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर का 42वां वार्षिक सम्मेलन रविवार, 30 अगस्त को रायपुर के बैरन बाजार स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर एवं समाज के संरक्षक बी.पी. चक्रधर रहे। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष चेतन भारती ने की। विशिष्ट अतिथियों में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष बी.एल. चंद्राकर (भटगांव), बी.आर. साहू, कृष्ण कुमार तिवारी, के.आर. जनार्दन, हरिशंकर सिंह, होरी लाल साहू एवं बैशाखु राम साहू उपस्थित रहे। मां भारती की पूजा-अर्चना के साथ सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में समाज के लिए विशेष एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अंगद लाल को वर्ष 2026 के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का विरोध मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज एफआईआर के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे की अगुवाई में गांधी चौक से अंबेडकर चौक, रायपुर रोड तक विरोध मार्च निकाला गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए इसे लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबाने के बजाय जनता से जुड़े मुद्दों पर जवाब दिया जाना चाहिए। कांग्रेस राहुल गांधी के साथ मजबूती से खड़ी है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने उत्तराखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के कथित कृत्य के संबंध में भी निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। नेताओं ने कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए और किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्ति के खिलाफ शिकायत मिलने पर निष्पक्ष कार्रवाई की जानी चाहिए। विरोध मार्च में पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू, कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, महामंत्री लखेश साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, पंकज मारईया, शहर प्रभारी महामंत्री नीरज बांधे, पार्षद सलमान शेख सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

एसडीओपी दीपिका मिंज ने दी अपराध छोड़ने की सख्त चेतावनी

बिलाईगढ़ पुलिस ने 30 गुंडा-बदमाशों की ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देश पर जिले भर में गुंडा-बदमाशों तथा चोरी व संपत्ति संबंधी अपराधों में पूर्व में संलिप्त रहे आरोपियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु व्यापक चेकिंग व समझाइश अभियान चलाया जा रहा है। एसडीओपी बिलाईगढ़ दीपिका मिंज द्वारा आज दिनांक 30 अगस्त को थाना बिलाईगढ़ परिसर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बिलाईगढ़ अनुभाग के अंतर्गत आने वाले चार प्रमुख थानों बिलाईगढ़, सरसीवा, भटगांव और सालिहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले आदतन अपराधियों, निगरानी बदमाशों, गुंडा-बदमाशों एवं पूर्व में चोरी की घटनाओं में शामिल रहे कुल 30 आरोपियों को थाना परिसर में हाजिर कराया गया।



अपराध से दूर रहने की सख्त हिदायत और कड़ी चेतावनी

इस दौरान सभी 30 बदमाशों की व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज की गई और उनकी वर्तमान दैनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने सभी को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति पुनः किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, अवैध कारोबार, चोरी अथवा शांति भंग करने के प्रयास में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध शराब, जुआ-सट्टा या अज्ञात व्यक्तियों की उपस्थिति दिखने पर तुरंत निकटतम थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। सूचना देने वाले नागरिक की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। आज के इस विशेष अभियान व परेड के दौरान एसडीओपी बिलाईगढ़ दीपिका मिंज के साथ थाना प्रभारी सरसीवा निरीक्षक स्वराज त्रिपाठी, थाना प्रभारी बिलाईगढ़ निरीक्षक राजेश चंद्रवंशी तथा चौकी प्रभारी बेलादुला सहायक उप-निरीक्षक संजय नायक सहित पुलिस जवान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



आचार्य शिरोमणि सम्मान से आराधना हुईं सम्मानित

पलारी। शासकीय प्राथमिक शाला चांपा में पदस्थ मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से पुरस्कृत अराधना वर्मा को रायपुर के वृन्दावन हॉल में आयोजित समारोह में शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आचार्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रायपुर के वृन्दावन हॉल में संस्था के संस्थापक स्मिता सिंह व जिला शिक्षा अधिकारी एम जी सतीश कुमार, पूर्व सचिव शिक्षा आयोग एन के अग्रवाल अध्यक्ष चेंबर ऑफ़ कामर्स सतीश तौरानी के हाथों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार व समाज में विशेष योगदान पर दिया गया। इस सम्मान प्राप्ति पर विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र टंडन, विकासखंड स्रोत समन्वयक गोपाल वर्मा, संकुल प्राचार्य भारती मढ़रिया,संकुल समन्वयक श्याम ध्रुव व स्टॉफ अजय वर्मा, कुसुम ब्राम्हणकर, चित्ररेखा साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के शिक्षाविद सोमनाथ वर्मा ने हर्ष व्यक्त कर आगे भी अपने नवाचार गतिविधियों क़ो जारी रखने हेतु प्रेरित किया।

वटगन में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

पलारी। पलारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में शासन के निर्देशानुसार 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया गया। इस संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत श्लोक पाठ संस्कृत वाचन संस्कृत गीतों का प्रस्तुति किया गया जयतु जयतु संस्कृतम जयतु जयतु भारतम के नारे लगाए गए संस्कृत प्राचीन भाषा है इस भाषा की रक्षा करना परम आवश्यक है संस्कृत से ही संस्कृति है संस्कृत व्याख्याता एम के वैष्णव ने कहा यह देववाणी संस्कृत भाषा सरल और मधुर है इसे अवश्य पढ़ें बच्चों ने श्लोक पाठ किए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एच के वर्मा, टी के साहू, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, सुशीला जांगड़े, प्रीति वर्मा, श्वेता वर्मा, सीमा कन्नौजे, रेणुका, राकेश सहित समस्त शिक्षक गणसहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अर्जुनी की टिकेश्वरी साहू मशरूम उत्पादन से बन रहीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार के नए अवसरों से जुड़ रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। ग्राम अर्जुनी निवासी टिकेश्वरी साहू भी बिहान के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही हैं। वे ओम शांति स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने पड़ोस की दीदी के साथ मिलकर घर पर ही आयस्टर मशरूम का उत्पादन कर रही हैं। टिकेश्वरी साहू ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष भी घर पर आयस्टर मशरूम का उत्पादन किया था जिससे उन्हें लगभग 20 से 25 हजार रुपए की आय प्राप्त हुई थी। इस अनुभव से उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने इस वर्ष भी मशरूम उत्पादन शुरू किया है। घर पर ही कम लागत में शुरू की गई इस गतिविधि से उन्हें अपनी मेहनत के अनुसार अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिल रहा है। टिकेश्वरी का कहना है कि बिहान स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने और अपनी क्षमता को पहचानने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित बिहान योजना, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

बिहान योजना से संवर रही महिलाओं की जिंदगी



सरकारी योजनाओं से जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

टिकेश्वरी साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विष्णु भैया के सुशासन में इन जनहितकारी योजनाओं ने हम महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाया है और हमें केवल चूल्हे-चौके तक सीमित रहने के बजाय बाहर की दुनिया को देखने नई चीजें सीखने और अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि आज वे अपने घर पर ही मशरूम उत्पादन कर रही हैं और इससे उन्हें आत्मनिर्भर बन रही है। महतारी वंदन योजना से आर्थिक संबल मिला है वहीं उज्ज्वला योजना के माध्यम से स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिलने से महिलाओं को चूल्हे के धुएं से राहत मिली है। बिहान योजना ने महिलाओं को घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ स्वरोजगार और आय अर्जित करने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दिया है।

पर्व : सिंधी समाज ने श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया तीजड़ी पर्व

पति की लंबी उम्र और सुयोग्य वर के लिए महिलाओं व कन्याओं ने रखा निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

सिंधी समाज द्वारा सोमवार को तीजड़ी (तीजा) पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना से निर्जला व्रत रखा। वहीं कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर की कामना के लिए व्रत रखा।

तीजड़ी सिंधी समाज का प्रमुख पर्व में से एक माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा के तीसरे दिन, यानी रक्षाबंधन के तीन दिन बाद मनाया जाता है। पर्व को लेकर महिलाओं में सुबह से ही खासा उत्साह रहा। महिलाओं ने तड़के करीब 4 बजे उठकर असुर किया। इसके बाद स्नान-ध्यान कर नए वस्त्र धारण किए और भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर निर्जला व्रत का संकल्प लिया। तीजड़ी माता की पूजा के लिए महिलाओं ने पहले से ही तैयारियां कर रखी थीं। दोपहर करीब 12 बजे महिलाएं टोलियों में निर्धारित स्थलों पर पहुंचीं। वहां तीजड़ी माता की पूजा-अर्चना कर उन्हें झूले में झुलाया गया और पति की दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद महिलाओं ने घरों में भजन-कीर्तन किए। नवविवाहित युवतियां अपनी सहेलियों के साथ मेल-मिलाप करती और पर्व की खुशियां साझा करती नजर आईं।

व्रती महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई और सोलह श्रृंगार कर शाम को तीजड़ी माता की कथा सुनने के लिए मंदिरों तथा उन घरों में पहुंचीं, जहां कथा का आयोजन किया गया था। शाम 7 बजे के बाद कथा वाचन का दौर शुरू हुआ।



सोलह श्रृंगार कर सुनी कथा, किया चंद्र दर्शन का इंतजार

कथा सुनने के बाद महिलाएं घर लौटकर भजन-कीर्तन करती रहीं और चंद्रमा के दर्शन का इंतजार करती रहीं। मान्यता के अनुसार रात के समय जब चांद निकलता है, तब महिलाएं कच्चे दूध, पानी, शक्कर और चावल से बने अर्घ्य को चंद्रमा को अर्पित करती हैं। इसके बाद पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला जाता है और घर में बिना लहसुन-प्याज का सात्विक भोजन किया जाता है। अर्घ्य देने के बाद ही व्रती महिलाएं अपना व्रत खोलती हैं। सोमवार शाम आसमान में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी के कारण महिलाओं को चंद्रमा के दर्शन के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा मान्यता के अनुसार यदि चंद्रदेव के दर्शन नहीं होते हैं, तो महिलाएं अगले दिन सुबह पूजा-अर्चना करने के बाद व्रत का पारण करती हैं। तीजड़ी पर्व के चलते तिल्दा नेवरा में सिंधी समाज की महिलाओं और युवतियों में पूरे दिन उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल रहा।

तीजड़ी माता की व्रत कथा रूपवंती की कहानी

प्राचीन समय की बात है। रूपवंती नाम की एक पतिव्रता और संस्कारी स्त्री थी। वह अपने पति से बहुत प्रेम करती थी और तीजड़ी माता में उसकी अटूट श्रद्धा थी। वह हर वर्ष अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना से पूरे विधि-विधान के साथ तीजड़ी का निर्जला व्रत रखती थी। रूपवंती के कई भाई थे, जो अपनी बहन से बेहद प्रेम करते थे। एक बार तीजड़ी पर्व के दिन रूपवंती ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखा। दिनभर बिना अन्न-जल के रहने के कारण शाम तक उसकी हालत कमजोर हो गई। अपनी प्यारी बहन को भूख-प्यास से व्याकुल देखकर भाइयों से रहा नहीं गया। उन्होंने बहन का व्रत खुलवाने के लिए एक योजना बनाई। रूपवंती के एक भाई ने दूर एक ऊंचे पेड़ पर चढ़कर जलती हुई छलनी/दीपक इस तरह रखा कि वह दूर से चंद्रमा जैसा दिखाई देने लगा। यह कथा श्रद्धालु महिलाओं को सच्ची आस्था, संयम, व्रत के नियमों का पालन और पति के प्रति समर्पण का संदेश देती है। मान्यता है कि तीजड़ी माता की श्रद्धापूर्वक पूजा और व्रत करने से सुहागिन महिलाओं को पति की दीर्घायु तथा परिवार में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

नर्सिंग ऑफिसर लीना को सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हथबंद में 35 वर्षों से पदस्थ सीनियर नर्सिंग आफिसर लीना नंद 31 अगस्त को सेवा निवृत्त हुई स्वास्थ्य विभाग और ग्रामवासियों के सौजन्य से सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में उन्हें शाल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र, मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

लीना नंद सिमगा विकास खंड की प्रथम स्टाफ नर्स के पद पर शासकीय सेवा प्रारंभ कर 35 वर्ष तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हथबंद में ही अपनी सेवाएं देते हुए इसी स्वास्थ्य केंद्र से ही सेवा निवृत्त होकर रिकॉर्ड स्थापित की। अंचल में अपने मधुर व्यवहार और समर्पित सेवा भावी के रूप में जानी जाती थीं। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ डीपी वर्मा व महिला विशेषज्ञ डॉ. तरन्नुम अंजुम के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन किया गया था, बलौदाबाजार के जिला स्वास्थ्य मेडिकल आफिसर डॉ राजेश अवस्थी, डा.मीरा बघेल, सुहेला स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ मनोहर ध्रुव विभागीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

ग्रामवासियों में पूर्व सरपंच सुरेश यादव, विप्र समाज के अध्यक्ष संतोष दीवान, सद्भावना मंच के अध्यक्ष मुबारक हुसैन, पूर्व जनपद सदस्य बेदूराम वर्मा, जगदीश टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह को सफल बनाने में स्टाफ के आर डी यादव सुपरवाइजर, प्रेमलता सिन्हा, भुनेश्वरी ध्रुव, शैफाली देवनाथ, महेंद्र यादव, मितानिन प्रशिक्षिका शैल वर्मा, जगवंदना का विशेष योगदान रहा। डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि लीना नंद को इसी सप्ताह में उनके रिटायरमेंट के सारे क्लेम और पीपीओ जीपीओ आदेश जारी कर दिया जाएगा।

पीएम मोदी ने युवाओं और किसानों को दिया प्रेरक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

हथबंद नवापारा मंडल के ग्राम कुकराचुंदा स्थित बूथ क्रमांक 06 में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभदायक बनाने का आह्वान किया। साथ ही देशवासियों से 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को मजबूत करने तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी देशवासियों के प्रयासों की सराहना की। 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन धीगड़े के निज निवास पर किया गया। संगठन के निर्देशानुसार उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सरल ऐप के माध्यम से कार्यक्रम की तस्वीरें भी अपलोड कीं।



इस अवसर पर जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, डोमार मारकंडे, विद्या वर्मा, अखिलेश्वरी शुक्ला, धन्ना धनेश्वर निषाद, धनी राम रजक, प्रकाश पाल, महेंद्र साहू, हिना जोशी, अशोक, अशोक कोशल, उत्तम दास मानिकपुरी, मोहन वर्मा, सुखराम साहू, रमेश, संतोषी वर्मा, फुल बाई, भावेश साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. अमीन खान के निवास पर 'मन की बात' का आयोजन

खरोरा। देश प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 137वें संस्करण का विशेष कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अमीन खान के निज निवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता और संगठन के निर्देशानुसार, उपस्थित सभी गणमान्य ने सरल ऐप के माध्यम से आज के इस भव्य कार्यक्रम की फोटो भी अपलोड की। इस अवसर पर धरसींवा विधानसभा के विधायक अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग उपाध्यक्ष वेदराम मनहरे, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, लखन लाल धीवर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इक़बाल, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, राजीव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, विकास ठाकुर, घनश्याम चंद्राकर, रमेश शर्मा, भरत पंसारी, पंचराम यादव, सचिन अग्रवाल, तोरन ठाकुर, तामेश्वर मरकाम, मयाराम वंशे, जय प्रकाश वर्मा, रश्मि वर्मा, मनीषा कोशले उपस्थित रहें।



पेज 7 के शेष

फर्जी ट्रांसफर केस...

जिसमें 6 जुलाई 2026 को ज्वाइनिंग की तारीख और 30,700 रुपए मासिक वेतन का उल्लेख था। हेमंत जब नियुक्ति पत्र के आधार पर नौकरी ज्वाइन करने की तैयारी करने लगा तो उसे दस्तावेज की सत्यता पर संदेह हुआ। जानकारी जुटाने पर पता चला कि कसडोल में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम का ऐसा कोई कार्यालय अथवा इकाई ही नहीं है। इसके बाद नियुक्ति पत्र के फर्जी होने की आशंका गहरा गई।

गौरतलब है कि कृष्णा अवस्थी पहले से ही फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में उनके पुत्र प्रणव अवस्थी समेत छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब नौकरी के नाम पर कथित ठगी और फर्जी नियुक्ति पत्र का नया मामला सामने आने से जांच का दायरा बढ़ने की संभावना है।

रेलवे फाटक 20...

नहीं रहेगा। उन्होंने मुख्य स्टेशन प्रबंधक सुमन झा को निर्देशित करते हुए कहा कि इस व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी स्थिति में फाटक को 20 मिनट से अधिक समय तक बंद न रखा जाए।

भाटापारा स्टॉपेज की..

पानी आने की समस्या का तकनीकी परीक्षण कर जल निकासी, प्रकाश एवं सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। मातादेवालय क्षेत्र की ओर लिफ्ट एवं एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अच्छे रेस्टोरेंट/होटल की व्यवस्था की जाए। भाटापारा की क्षेत्रीय उपयोगिता को देखते हुए प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज भाटापारा में दिया जाए तथा बंद/विशेष ट्रेनों को नियमित एवं आवश्यकतानुसार विस्तारित किया जाए। इस अवसर पर प्रकाश मोदी (सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल), रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य रविंद्र जैन, अमरजीत सिंह सलूजा, सुरेश भानुशाली, लक्ष्मी नारायण सोनी, वाशु मखीजा, अभिषेक मोदी, गौरव जैन एवं तथा राजेश शर्मा (डीआरयूसीसी सदस्य) मौजूद रहे।

चौरेंगा आंगनबाड़ी केंद्र ...

लगा दिया गया है परंतु पेयजल की व्यवस्था नहीं की गयी। बच्चों के भोजन एवं पीने के लिए पानी समीप ही एक घर में स्थित कुएं से की जाती है। इस बदहाल आंगनबाड़ी की सुध लेने में न ही जनप्रतिनिधि और न ही विभाग को दिलचस्पी है। उन्हें शायद किसी दुर्घटना का इंतजार है। इस संबंध में सेक्टर प्रभारी लीला वर्मा ने कहा कि पेयजल की व्यवस्था के लिए पीएचई विभाग एवं सरपंच के संज्ञान में लाया गया है । परंतु अभी तक व्यवस्था नहीं हो पाई है। वहीं महिला बाल विकास अधिकारी जी आर नारंग का कहना है कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। इतना बड़ा ब्लाक है मैं कहां -कहां जाऊंगा। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी के कथन से अंदाजा लगाया जा सकता है कि संबंधित विभाग के अधिकारी अपने कार्य के प्रति कितने गंभीर है।

पत्रकार सम्मान समारोह...

एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। आरोप है कि इसी दिन ऋषि शुक्ला के फेसबुक अकाउंट से कार्यक्रम और संस्था को लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की गई। शिकायत में उक्त पोस्ट के संबंध में आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। याचिका के अनुसार, अगले दिन 25 जून को भी कथित तौर पर विभिन्न व्हाट्सऐप ग्रुपों में संस्था के स्थापना दिवस को लेकर इसी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित की गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कार्यक्रम में उपस्थित कुछ सम्मानित नागरिकों के फोटो के साथ भी आपत्तिजनक तरीके से छेड़छाड़ कर उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध पूर्व में भी अपराध दर्ज होने तथा कुछ शिकायतों की जांच लंबित होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ की...

पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों और नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान बरमकेला क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।



खबर संक्षेप





सिंधी समाज की महिलाओं ने कजरी तीज धूमधाम से मनाई

भाटापारा। भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष तृतीया सोमवार को कजरी तीज से त्योहारों की धूम शुरू हो गई,पति के अच्छे स्वास्थ्य,दीर्घायु जीवन के लिए सिंधी समाज भाटापारा की महिलाओं ने सोमवार को ट्रिजणी पर्व मनाया।प्रातः4 बजे उठकर (असुर कर) घरों में पूजा कर उपवास प्रारंम्भ किया, व्रती महिलाओं ने रविवार को ही अपने हाथों में मेहंदी लगवाई व सोमवार को सोलह श्रृंगार कर वैवाहिक जीवन में सुख शांती व समृद्धि एवं पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा।इस व्रत को कुंआरी कन्याओं ने भी रखा, मान्यता है कि जिन कन्याओं की शादी नहीं हुई अथवा विलम्ब हो रहा है तो उन्हें जल्द ही सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। व्रति महिलाएं दोपहर को समाज के पुरोहित के घर जाकर माता गौरी को झूले में झूलाकर, सांयकाल ब्राह्मण से कथा सुनती हैं। ततपश्चात रात्रि में चांद को देखकर, जल चढ़ाकर पति के हाथों अन्न व जल ग्रहण कर व्रत का समापन करती हैं।

स्वाध्याय केंद्र में संगोष्ठी आज

महासमुंद। स्वाध्याय केंद्र महासमुंद के तत्वावधान में आगामी 01 सितंबर मंगलवार को सायं 6 बजे सनातन संस्कृति एवं मनु स्मृति के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज के प्रबुद्धजन सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम में धर्म क्षेत्र के विद्वान डॉ. दादू भाई त्रिपाठी रायपुर मुख्य वक्ता रहेंगे। नगर के प्रबुध्दजनों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

चिंगरौद में युवक के साथ मारपीट

महासमुंद। बाइक छोड़ने ग्राम चिंगरौद गए एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम हथखोज फिंगेश्वर निवासी युवराज निषाद ने बताया कि 29 अगस्त को वह ग्राम चिंगरौद के ओम प्रकाश की मोटर सायकल को छोड़ने गया था। जहां उसके साथ चिंगरौद के यशवंत यादव व अन्य लोगों के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई।

निधन

सुमित्रा बाई वर्मा

मुंडा। ग्राम डोंगरा निवासी सुमित्रा



बाई वर्मा 60 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तालाब पार मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में गांव सहित समाज के लोग सम्मिलित रहे। वे तिलक वर्मा के धर्मपत्नी व नेत्रानद वर्मा, त्रिणानद वर्मा के माता जी थे।

पूनीराम वर्मा

मुंडा। ग्राम बरदा निवासी गांव के



छडीदार पूनीराम वर्मा 60 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे बोधुराम वर्मा, महेशू वर्मा के पिताजी थे। उनकी अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में सामाजिक जन सम्मिलित रहे।

डेरहाराम विनायक

खरोरा। खरोरा के वार्ड क्रमांक 14



निवासी एवं सेवानिवृत्त पटवारी 80 वर्षिय डेरहाराम विनायक का 31 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम, खरोरा में किया गया। डेरहाराम विनायक मूलतः सेम्हरा निवासी थे तथा पटवारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। धर्मपत्नी तिजिया बाई विनायक सहित समस्त विनायक परिवार ने शोक व्यक्त किया है।

पारंपरिक वेशभूषा और लोकनृत्यों से सजी शोभायात्रा, शिक्षा-संस्कृति संरक्षण और आदिवासी कोड की मांग उठी

विश्व आदिवासी दिवस पर उमड़ा जन सैलाब रैली में दिखी आदिवासी एकता की ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार एवं समस्त सगा समाज के तत्वावधान में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस का छठवां वर्ष भव्य रूप से मनाया गया। आयोजन में जिलेभर से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों के साथ सर्व समाज के नागरिक शामिल हुए। विशाल रैली के माध्यम से समाज ने अपनी एकता, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक गौरव का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे गोंडवाना भवन में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद सुबह 11 बजे जिला ऑडिटोरियम से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रैली बस स्टैंड, गार्डन चौक और शहीद वीर नारायण सिंह चौक होते हुए शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां समाजजनों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद रैली गार्डन चौक, बस स्टैंड और अंबेडकर चौक होते हुए वापस ऑडिटोरियम पहुंची। अंबेडकर चौक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज जिला बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी ने की। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य एवं महिला प्रभाग की लोकेश्वरी नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।





37 लोगों ने किया रक्तदान, दाई सम्मान भी

समारोह के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 37 लोगों ने रक्तदान किया। समाज की ओर से दाई सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में पौधा वितरण सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियां आयोजित की गईं। आयोजन में मावली महासभा, तुरतूरिया माता लवन महासभा, खल्लारी महाकालेश्वर महासभा, केंद्रीय कंवर समाज, गोंड खपरी चक, 16 जनजाति समाज, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कमलेश ध्रुव, पद्मभूषण पैकरा, नेमीचंद ध्रुव, भानु ध्रुव और मनोहर मंडावी ने किया।



वेशभूषा और नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। आदिवासी युवतियों के पारंपरिक गीत एवं नृत्य ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। गुदुम बाजा, अखरा दल, सुवा और कर्मा नृत्य के साथ पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप और डीजे की धुन पर समाजजन उत्साह के साथ झूमते नजर आए। शहर में जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। रैली के दौरान आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की विविध झलक देखने को मिली।

एकता और आदिवासी कोड का मुद्दा उठाया

समारोह के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग सुभाष सिंह परते रहे। उन्होंने समाजजनों से एकजुटता बनाए रखने का आह्वान करते हुए आदिवासी समाज के लिए अलग धर्म कोड की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी समाज की बड़ी आबादी होने के बावजूद अलग आदिवासी कोड का प्रावधान नहीं है। उन्होंने समाज की एकता और अधिकारों के लिए संगठित होकर प्रयास करने पर जोर दिया।

शिक्षा और संस्कृति संरक्षण पर जोर

वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से है। इन परंपराओं को संरक्षित रखते हुए नई पीढ़ी को शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ाना जरूरी है। समाज में एकजुटता बनाए रखने और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने गोंड खपरी चक अंतर्गत गोंडवाना भवन में महिला शौचालय निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा शेड निर्माण और मैदान में फ्लोर टाइल्स लगाने की घोषणा भी की गई।

खरोरा में गोंड़ समाज ने दिखाई सांस्कृतिक एकजुटता



खरोरा। विश्व आदिवासी दिवस के पावन अवसर पर ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज पचरी वार्ड बोइरडीह परिक्षेत्र की ओर से करियादामा चौक, खरोरा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का समाज की ओर से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भागबली ध्रुव, अध्यक्ष महाकालेश्वर महासभा कुथरौद, ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सुनीता अनिल सोनी, अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में नगर खरोरा के पार्षदगण दामिनी हेमंत देवांगन, जय प्रकाश वर्मा एवं शेखर देवांगन सहित समाज के पदाधिकारी, युवा एवं बड़ी संख्या में सगा-संबंधी उपस्थित रहे। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की एकजुटता और उत्साह देखने को मिला। आयोजन के सफल संचालन के लिए ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज पचरी वार्ड बोइरडीह परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों, युवाओं एवं समाजजनों को बधाई एवं आभार व्यक्त किया गया।



ब्रह्माकुमारी बहनों ने विद्यालय परिवार को बांधा रक्षासूत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, खरोरा द्वारा पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान की बी.के. सावित्री दीदी एवं बहन गंगा ठाकुर दीदी ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को रक्षासूत्र बाँधकर रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर बीके सावित्री दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्षासूत्र केवल एक धागा नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, पवित्रता, आत्मसम्मान एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने सभी को सकारात्मक सोच, नैतिक जीवन एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। बहन गंगा ठाकुर दीदी ने भी भाईचारे, सहयोग और पारस्परिक सम्मान की भावना को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

विद्यालय परिवार ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा सकारात्मक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, शिवांगी निषाद, प्रवीण कुमार पाटिल, विष्णु प्रसाद साहू एवं अमर बर्मन सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण आत्मीयता, सौहार्द एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा।

ब्रह्माकुमारी बहनों ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को बांधी राखी



बलौदाबाजार। भाई बहनों के पवित्र आपसी स्नेह व अपनापन का पर्व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्थानीय नगर में हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में राखी का त्यौहार मनाया गया। रक्षाबंधन पर जहां घर में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र राखी बांधकर जीवन पर्यंत रक्षा करने एवं साथ निभाना का संकल्प लेती है, व स्थानीय धार्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी भाई बहनों को शुभकामनाएं दी।

गिधपुरी पुलिस ने सुन्द्रावन स्कूल में बच्चों को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे व्यापक 'साइबर जागृति अभियान' के तहत सोमवार को थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा हाईस्कूल सुन्द्रावन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी उनेश देशमुख द्वारा बच्चों को साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आजकल ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी, ओटीपी शेयर करने से होने वाले फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। थाना प्रभारी ने बच्चों को समझाया कि - अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना ओटीपी, बैंक पासवर्ड किसी से शेयर न करें, किसी अनजान व्यक्ति से वीडियो कॉल पर बात न करें, साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें। इस दौरान बच्चों और शिक्षकों ने जागरूकता की एक सेल्फी लेकर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया। बच्चों ने पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि मिली जानकारी को वे अपने परिजनों तक भी पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य अशोक वर्मा शाला समिति अध्यक्ष सुभाष घृतलहरे संरक्षक नीलकमल आजाद, शिक्षक और बडी संख्या मे हाईस्कुल और मिडिल स्कुल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

रक्तदाताओं को हेलमेट, कॉलेज बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया

मूरा में 33 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

ग्राम पंचायत मूरा के पंचायत भवन में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकार और जनसेवा से जुड़े इस आयोजन में ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

शिविर में कुल 33 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। शिविर के दौरान रक्तदान के साथ ग्रामीणों की विभिन्न निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान एवं स्वास्थ्य



जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक है। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। शिविर में युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने समाज में सेवा भावना और जनजागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया।

ग्राम पंचायत ने जताया आभार शिविर की सफलता पर सरपंच कंचन टोकेन्द्र गायकवाड़, उपसरपंच संतोषी जगदीश वर्मा, समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासियों मूरा ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं स्वास्थ्य टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

हेलमेट-बैग व प्रशस्ति पत्र किए भेंट

शिविर में रक्तदान करने वाले सभी 33 रक्तदाताओं को हेलमेट, कॉलेज बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों ने उनका आभार व्यक्त किया तथा समाज के अन्य लोगों से भी नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए आगे आने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में रेशम वर्मा, खुबचंद वर्मा, पंचम साहू, नंदकिशारे पाल, परशु साहू, लकेश्वर कोसले (पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत मूरा), मंतराम साहू, रिंकू गायकवाड़, सुनील सारंग एवं डॉ. भागवती साहू का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा समस्त क्रेशर मालिक संघ मूरा धनसुली, संघ अध्यक्ष भूपेंद्र बंसल तथा अनूप अग्रवाल, विश्व भारती मिनरल मूरा का भी शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

